महत्वपूर्ण एवं खास

स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व स्कूली बसों का किया गया फिटनेस टेस्ट

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं स्कूली बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने दृष्टिगत रखते हुए जिला क्षेत्र अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान मैं संचालित स्कूली बसों का स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व विशेष अभियान चलाकर फिटनेस परीक्षण, परमिट, बीमा म्याद, ड्राइविंग लाइसेंस, सुरक्षा सामग्री फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा सामग्री का निरीक्षण किया गया। विशेष अभियान में यातायात पुलिस टीम, जिला परिवहन टीम, टेक्निकल एवं मेक्निकल टीम वाहन शाखा रक्षित केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से क्रमशः ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ एवं डीपीएस स्कूल रायगढ़ के क्रमशः 34 , 12 एवं 15 बस कुल 61 बसों का निरीक्षण किया गया।

ट्रक और ट्रेलर में भिड़ंत, ट्रेलर का ड्राइवर स्टेरिंग में फंसा

न्याय साक्षी/रायगढ़। बीति रात करीब 02:44 बजे परसदा के पास ट्रेलर वाहन एवं ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिससे ट्रेलर चालक चंदन कुमार पासवान पिता बसंत पासवान उम्र 29 वर्ष निवासी गढ़वा (बिहार) स्टेरिंग में फस गया। जिसे डायल 112 आरक्षक घनश्याम सिदार एवं राजकुमार सिदार द्वारा आसपास के लोगों की मदद से ट्रेलर का दरवाजा को तोड़कर बाहर निकाला गया । घटना में चालक को गंभीर चोटे आई है। आहत ड्राइवर चंदन कुमार को डॉयल 112 ईआरव्ही स्टाफ वाहन से ईलाज के लिये के.जी.एच. ले जा रहे थे रास्ते पर 108 वाहन भी आहत को लेने आ रहा था जिसमें आहत को शिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया।

स्कूल चपरासी के घर सवा लाख की चोरी

न्याय साक्षी/रायगढ़। नींद में ग़ाफ़िल स्कूल के चपरासी के घर का दरवाजा खोल कर अज्ञात चोर सोने चांदी के आभूषण एवं नगद कुल मिलाकर लगभग 120000 का सामान ले उड़े। जब नींद खुली तो घर का दरवाजा खुला देख कर चपरासी हतप्रभ रह गया। चपरासी की रिपोर्ट पर खरसिया पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457 380 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

खरसिया क्षेत्र में चोरी का सिलसिला पुलिस के रोके नहीं रुक रहा है। हर महीने सहरिया ग्रामीण अंचल में तीन से चार बड़ी चोरियां करने में जोर कामयाब हो रहे हैं। इसी प्रक्रम में नाव एवं 10 जून की दरमियानी रात्रि खरसिया थाना के ग्राम बग देवा में स्कूल के चपरासी के यहां लगभग डेढ़ लाख रुपये के सामानों की सनसनीखेज चोरी हुई है।पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरसिया थाना अंतर्गत ग्राम बगडेवा निवासी आधार राम सिदार पिता बहोरन सिदार पूर्व माध्यमिक

विद्यालय बकेली में चपरासी के रूप में कार्यरत है। 9 जून की रात्रि में वह टीवी पर क्रिकेट मैच देखने के बाद रात्रि 12 बजे

करीब सो गया रात्रि में लगभग 3 बजे जब उसकी नींद खुली तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है तो उसके पैरों के तले से जमीन खिसक गई घर के भीतर जाकर देखा तो अलमारी सूटकेस आदि खुला हुआ पड़ा था। सामान बिखरा हुआ पड़ा था और कीमती जेवरात गायब थे। तब उसका माथा ठनका कि कहीं न कहीं यह काम चोरों का है। घर के भीतर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। जाकर देखने पर पता चला कि सोने का हार डेढ़ तोला का कीमत 50000, सोने की गले की माला एक तोला की कीमत 20000, कान की बाली सोने की कीमत रू.2000, सोने का मंगलसूत्र कीमत 10000 सोने की अंगूठी कीमत 5000 चांदी की पायल 500 ग्राम की कीमत रू.15000 चांदी का लच्छा 35 तोला का कीमत 8000 एवं नगद राशि पांच हजार रुपए कुल मिलाकर जुमला एक लाख बीस हजार रुपए का सामान अज्ञात चोर चुरा कर ले जाने में कामयाब हो गए।अवध राम सुधार की रिपोर्ट पर कर दिया पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457 380 का अपराध पंजीबद्ध कर के मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बाईक की चपेट में आकर महिला की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। निकले महादेव मंदिर के सामने बाइक की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई है। घटना सुबह 8 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रेखा सिंह निवासी पुलिस लाइन आज सुबह मंदिर पूजा करने आई थी,पूजा करने के बाद वापस अपने घर जा रही थी,सामने से आ रही मोटरसाइकिल की चपेट में आ गई, जिसे उपचार के लिए मेकाहारा लाया गया,जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस ने बाइक जब्त कर बाइक चालक को हिरासत में ले लिया है।

पूंजीपथरा जंगलों के बीच फिर सड़कों पर आए जंगली हाथी

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ वनमंडल में जंगली हाथियों की आवाजाही फ़िर से शुरू हो गई, रायगढ़ से लगे सामारुमा और पूंजीपथरा के जंगलों से क़रीब एक दर्जन हाथी निकल कर सड़कों तक आ गए हैं, वनविभाग के आला अधिकारियों का कहना है कि विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है और आसपास के गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

गर्मी के दिनों में जंगली हाथियों का ताडंव रायगढ़ जिले के वन क्षेत्रों में एक बार फिर से देखना को मिलता है जहां कभी जंगल से भटककर ग्रामीणों के घरो तक जंगली हाथ पहुंचकर ग्रामीणों के बेशकीमती फसलों को नुकसान पहुंचाते है या फिर कभी सड़को के बीच आकर घंटो यातायात को प्रभावित करते हैं। ऐसा ही कुछ वाक्या आज उस वक्त सामने आया। जब रायगढ़ से महज 24 किलोमीटर दूर पूंजीपथरा

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सामारूमा के पास जंगली हाथियों के एक दल ने कई घंटो तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। इस मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाईश देते रही कि जंगली हाथियों को किसी भी तरह से परेशान न किया जाए। इसके अलावा सामारूमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग आधे दर्जन गांवो में जंगली हाथियों से के आमद की जानकारी देते हुए अलर्ट कर दिया गया है।

मोटरसाइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

» सारंगढ़ पुलिस की कार्रवाई

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना सारंगढ़ क्षेत्र में हो रही मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं एसडीओपी सारंगढ जीतेंद्र खूंटे को निर्देशित किये । ए.एस.पी. श्री वर्मा एवं एसडीओपी सारंगढ़ श्री खूंटे द्वारा थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक ए.के. खान को चोरी की वारदातों में अंकुश लगाया जा सके इसके लिए क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय कर आरक्षकों को संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया । पिछले कुछ दिनों से थाना सारंगढ़ के स्टाफ संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखे हुए थे कि आज थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक ए.के. खान को उनके विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दिया कि विशाल कुमार सिदार पिता सम्मेलन सिदार उम्र 19 वर्ष निवासी मधुबन थाना सारंगढ़ सारंगढ़ में मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहा है । थाना प्रभारी के नेतृत्व में स्टाफ ने संदेही विशाल सिदार को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेकर थाना लाये जिससे मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में सघन पूछताछ किया गया । तब संदेही विशाल सिदार ने थाना सारंगढ़, रायगढ़ एवं बरमकेला थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करना बताया । आरोपी विशाल कुमार सिदार के मेमोरेंडम पर थाना सारंगढ़ के धारा 379 भादंवि के अपराध में चोरी हुई 01 मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना तथा 01 ड्यूट स्कूटी बरामद किया गया है । साथ ही आरोपी के कब्जे से तीन अलग-अलग मोटरसाइकिल महिंद्रा सेन्टयूरो काला रंग जिसके पीछे रजिस्टर्ड नंबर सीजी-13एफ-2421, एक मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100 नीला रंग सीजी 13 एफ 2546 एवं एक मोटरसाइकिल एच.एफ. डीलक्स सोल्ड काला रंग जुमला

कीमती करीब रू.1,48,000 के 05 दुपहिया वाहन बरामद किया गया है । आरोपी को चोरी के अपराध में विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी गए मोटरसाइकिल को बरामद करने में सारंगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्री ए.के. खान तथा प्रधान आरक्षक जयराम सिदार, भुवनेश्वर पंडा, अर्जुन पटेल एवं आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, विरेंद्र भगत, पारसमणि बेहरा, पुरुषोत्तम राठौर की सराहनीय भूमिका रही है ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं वीगत एडवोकेट श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कृपा टी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय झेलने मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं शासन व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। श्रम ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेरोजगार, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी टीमों के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला एवं आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480